हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, सोमवार 9 मार्च 2026

11 सोचने-समझने की शक्ति का सही प्रयोग करे मनुष्य...



12 महिलाएं हमारे समाज की शक्ति, प्रेरणा व संस्कृति का...



## खबर संक्षेप

### सोशल मीडिया हथियारों के प्रदर्शन पर आरोपी पकड़ा

**हांसी।** सीआईए-2 हांसी की टीम ने सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन कर आमजन में भय का माहौल पैदा करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान ढाणी राजू निवासी प्रवीण के रूप में हुई है। सीआईए स्टाफ हांसी में तैनात एसआई मोहित कुमार ने बताया कि क्राइम जांच पड़ताल के दौरान सूचना मिली थी कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वाला प्रवीण गांव के बस स्टेंड पर खड़ा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उसे काबू कर लिया। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी द्वारा सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन कर आमजन में भय और दहशत का माहौल पैदा किया जा रहा था। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### 19 से 26 तक मनेगा नव संवत्सर नवरात्र महोत्सव

**हिसार।** मॉडल टाऊन स्थित श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में 19 से 26 मार्च तक नव संवत्सर नवरात्र महोत्सव बहुत ही श्रद्धा, उत्साह व विधि विधान से मनाया जाएगा। यह निर्णय रविवार को आश्रम प्रांगण में पीठ की प्रबंधक कमेटी की बैठक में लिया गया। पीठ के प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि महोत्सव में सुबह के समय परम पूज्य महामंडलेश्वर संतोषी माता के सान्निध्य में हरिद्वार के वैदिक विद्वानों द्वारा यजमानों से पूजा करवाई जाएगी व सांयकाल में 4 बजे से श्री रामकथा पर आध्यात्मिक प्रवचन महामंडलेश्वर संतोषी माता के मुखारविंद से होंगे। प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि आयोजन की सुंदर व्यवस्था के लिए पदाधिकारियों की ड्यूटियां बैठक में लगाई गई तथा तालमेल की जिम्मेदारी सुभाष बंसल को सौंपी गई। बैठक में राजमल काजल, सुभाष बंसल, अशोक बंसल, राघव गोयल, मुकेश ठसका, मदन लाल गोयल, जयप्रकाश जेपी व प्रवक्ता रमेश चुघ आदि मौजूद रहे।

## गर्मी की वजह से झुलसने लगी गेहूं



### लगातार बढ़ती गर्मी से फसल जल्द पकने के आसार, किसान चिंतित

# तपने लगा हिसार, पारा 37 पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

इस माह की शुरूआत में मौसम में हुई तपन लगातार बढ़ने लगी है। मार्च का पहला सप्ताह समाप्त होने के साथ ही तापमान 37.5 डिग्री तक पहुंच गया है। एकाएक मौसम में आई गर्मी से सरसों व गेहूं की फसल जल्द पकने की संभावना बढ़ गई है। माह का पहला सप्ताह समाप्त होते-होते गर्मी ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया है।

- सब्जियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका

एक सप्ताह पहले तक जहां हल्की ठंडक महसूस की जा रही थी, वहीं अब धूप में खड़ा होना भी दूभर होने लगा है। बढ़ते तापमान के चलते जहां सरसों व गेहूं की फसल जल्द पकने की संभावना है वहीं सब्जियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका भी है। बढ़ते तापमान के चलते गेहूं की फसल पकाई की ओर है तथा किसानों को कटाई की तैयारियां करते देखा जाने लगा है।

#### हल्की बादलवाई संभावित

कृषि मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि रविवार 8 मार्च रात से 11 मार्च के बीच हरियाणा के कई क्षेत्रों में आंशिक बादलवाई रहने की संभावना है। इस अवधि में आसमान में बीच-बीच में बादल छाए रह सकते हैं लेकिन किसी बड़े वर्षा तंत्र की संभावना फिलहाल नहीं जताई गई है।

मौसम विभाग का कहना है कि बादलों की आवाजाही के साथ-साथ हवाओं की दिशा में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से प्रदेश में हल्की बादलवाई और हवाओं में बदलाव की स्थिति बन सकती है, लेकिन फिलहाल मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहने की संभावना है।

पूर्वानुमान में बताया गया है कि इन दिनों हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने की संभावना है, जिससे मौसम में हल्की ठंडक का अहसास बना रह सकता है। हालांकि दिन के तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है परंतु रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है।

#### मौसम के अनुसार करें कृषि कार्य

मौसम विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे बदलते मौसम के अनुसार ही कृषि कार्य करें। उनका कहना है कि मौसम के बदलते रुख का असर खेती-किसानी पर पड़ सकता है। ऐसे में मौसम गतिविधि पर पूरा ध्यान रखें।

#### न्यूनतम तापमान $15.5^0$

*न केवल हिसार जिले, बल्कि प्रदेशभर का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। फिलहाल हिसार जिले का तापमान 37 डिग्री को पार कर गया है। रविवार को हिसार का अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री दर्ज किया गया जो प्रदेश में सबसे अधिक है। न्यूनतम तापमान भी 15.5 डिग्री रहा। इसी तरह अन्य जिलों में भी गर्मी ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। बढ़ते तापमान के चलते नागरिक इस बार अधिक गर्मी पड़ने की संभावना भी जता रहे हैं।*

#### फिलहाल खुश्क रहेगा मौसम

*हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग ने संभावना जताई है कि फिलहाल प्रदेश का मौसम खुश्क रहेगा। विभाग के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में 12 मार्च तक मौसम सामान्यतः खुश्क बना रहेगा। हालांकि इस दौरान एक पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिल सकता है लेकिन यह ज्यादा प्रभाव नहीं डालेगा।*

## दवा विक्रेता को अधिक मुनाफे का लालच दे 18.50 लाख रुपये ठगे

- पुलिस ने जांच करते हुए एक आरोपी को दबोचा, दो लाख रुपये बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी

साइबर थाना पुलिस आनलाइन निवेश में अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर 18.50 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान उत्तरप्रदेश के गोरखपुर जिला निवासी गौतम के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी से ठगी किए रुपयों में से 2 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। जांच अधिकारी एएसआई रामबिलास ने बताया कि हांसी निवासी संदीप जो कि होलसेल दवाइयों का कारोबार करते हैं, ने साइबर थाना हांसी में मई 2025 में शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार उसके पास फेसबुक आईडी के माध्यम से एक फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। उसके बाद दोनों के बीच चैट के माध्यम से बातचीत शुरू हो गई। आरोपी ने स्वयं को निवेश से संबंधित कार्य करने वाला बताते हुए शिकायतकर्ता को ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट करने मोटे मुनाफे का लालच दिया और विभिन्न माध्यमों से रुपये निवेश करने के लिए कहा। आरोपी के झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने अलग-अलग किस्तों में 18.50 लाख रुपये निवेश कर दिए। बाद में जब शिकायतकर्ता को किसी प्रकार का लाभ प्राप्त नहीं हुआ और संपर्क भी टूट गया तो उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला।



#### गोरखपुर में मिला आरोपी

संदीप की शिकायत के आधार पर थाना साइबर हांसी में मामला दर्ज कर बैंक खातों की जांच करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी गौतम को गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश करके रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ के दौरान ठगी की राशि में से दो लाख बरामद किए गए हैं।

**हांसी।** आनलाइन ठगी करने वाला आरोपी पुलिस गिरफ्त में। *फोटो: हरिभूमि*

## शराब से भरा ट्रक पलटा, सड़क पर बिखरीं बोतलें

**हिसार।** शहर से कुछ ही दूरी पर रायपुर मोड़ के नजदीक शराब की पेटियों से भरा एक ट्रक पलट गया। ट्रक पलटने से शराब की बोतलें सड़क पर बिखर गई। ट्रक चालक को भी चोटें आई। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। रविवार देर शाम तक सड़क पर बिखरी हुई शराब की बोतलों को कर्मचारी उठा रहे थे वहीं कांच के टुकड़ों को भी एक तरफ किया जा रहा था। सड़क के बीच में ट्रक पलटने के चलते शहर की तरफ से आ रहे वाहनों को सर्विस लाइन से गुजारा गया। ट्रक चालक बिट्टा ने बताया कि शनिवार रात को पंजाब के बठिंडा से एक शराब की फैक्टरी से 1800 पेट्टियां लोड की थी। पेटियों को कंपनी के दिल्ली वाले गोदाम में ले जाना था। देर रात दिल्ली हाईवे पर रायपुर मोड के पास अचानक गाड़ी की स्टेयरिंग राड टूट गई जिस कारण संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क पर जा पलटा। ट्रक पलटने के कारण सिर और हाथ में चोट आई और अधिकांश पेट्टियां सड़क पर बिखर गई जिस कारण काफी मात्रा में शराब की बोतलें टूट गई। सूचना के बाद पुलिस की गाड़ियां मौके पर पहुंची। साथ ही कंपनी के अधिकारियों को हादसे के बारे में बताया। सुबह कंपनी से अधिकारी और कर्मचारी आए। फिर शराब की बोतलों को एकत्रित किया।

- स्टेयरिंग रॉड टूटने से अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक



**हिसार।** सड़क पर बिखरी पड़ी शराब की बोतलें। *फोटो: हरिभूमि*

## वीजा के नाम पर ठगी से रहें सावधान: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी

- फर्जी ट्रैवल एजेंटों के झांसे में न आएं, जारी की एडवाइजरी



पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने विदेश जाने के इच्छुक लोगों को फर्जी ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहने के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि आजकल कई लोग विदेशों में शिक्षा, रोजगार या घूमने के उद्देश्य से विदेश जाने की योजना बनाते हैं, लेकिन जागरूकता के अभाव में कई बार फर्जी ट्रैवल एजेंटों के झांसे में आकर लाखों रुपये की ठगी का शिकार हो जाते हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व खुद को ट्रैवल एजेंट या इमिग्रेशन कंसल्टेंट बताकर लोगों को विदेश भेजने का झांसा देते हैं। ये एजेंट कम समय में वीजा लगवाने, नौकरी दिलाने या पढ़ाई के लिए एडमिशन दिलाने का लालच देकर लोगों से मोटी रकम वसूल लेते हैं। बाद में या तो वीजा नहीं लगता या फर्जी दस्तावेज देकर लोगों को ठग लिया जाता है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पहले संबंधित एजेंट या एजेंसी के बारे में पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें। केवल सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त ट्रैवल एजेंट की ही सेवाएं लें और किसी भी एजेंट को बिना जांच-पड़ताल के पैसे न दें। उन्होंने कहा कि किसी भी ट्रैवल एजेंट से डील करते समय उसके लाइसेंस, कार्यालय का पता, रजिस्ट्रेशन नंबर तथा पूर्व रिकॉर्ड की जांच अवश्य करें। साथ ही सभी लेन-देन बैंक के माध्यम से करें और उसकी रसीद अवश्य प्राप्त करें।

उन्होंने नागरिकों को जागरूक करते हुए कहा कि यदि यदि किसी व्यक्ति के साथ वीजा या विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी होती है तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जा सकें।

### जेनरेटर की दुकान में चोरी के मामले में प्रोडक्शन वारंट पर लिया आरोपी

**हांसी।** सीआईए -2 की टीम ने जेनरेटर की दुकान में चोरी वाले एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर उससे चोरी किए गए सामान को बेचकर प्राप्त हुई रकम में से 9500 रुपये बरामद किए हैं। हांसी सीआईए-2 में तैनात उप निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि इस संबंध में शिकायतकर्ता सैनीपुरा निवासी अश्वनी ने कुछ दिन पूर्व अपनी जेनरेटर की दुकान से जेनरेटर एवं अन्य सामान चोरी होने के संबंध में शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर मामले की तफ्तीश के दौरान मिले महत्वपूर्ण सुराग के आधार पर चोरी की वारदात में संलिप्त आरोपी जींद निवासी नवीन पहचान हुई। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी इस समय किसी अन्य मामले में जिला जेल भिवानी में बंद था। पुलिस टीम ने आरोपी को जिला जेल भिवानी से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर अदालत में पेश करके एक दिन का पुलिस रिमांड पर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी से चोरी किए गए सामान को बेचकर प्राप्त रकम में से 9500 रुपये बरामद किए गए, जिन्हें कब्जे में लेकर उसे पुनः अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## असल मालिक की जगह फर्जी व्यक्ति खड़ा कर जमीन हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

- सीसवाल के बलवान के रूप में हुई पहचान
- अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा



पुलिस की इकोनामिक सेल मिलीभगत करके, पूर्व नियोजित षड्यंत्र के तहत असल मालिक की जगह नकली व्यक्ति खड़ा कर भूमि हड़पने में जालसाजी धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सीसवाल गांव निवासी बलवान के रूप में हुई है।

मामले के जांच अधिकारी एसआई सतीश ने बताया कि इस संबंध में शिकायतकर्ता ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी शिकायत उस भू संगठित माफिया के खिलाफ है जो आजीविका कमाने के लिए दूसरे प्रदेश गए लोगों को चिह्नित कर उनके स्थानीय जमीन जायदाद को फर्जीवाड़ा से हड़प लेते हैं। प्रदेश से बाहर गए व्यक्ति डर अथवा दूरी की वजह से फर्जीवाड़े के खिलाफ कार्रवाई करने में असमर्थ पाकर, अपनी जमीन जायदाद की देखरेख नहीं कर पाते है। आरोपी ज़मीन क़्री रजिस्ट्री व अन्य कागजात पूर्ति के लिए असल मालिक क़्री जगह नकली व्यक्ति को खड़ा करते हैं।

पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए पहले आरोपी सीसवाल गांव निवासी बलवान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को लगातार पुलिस द्वारा साइबर सेल की मदद से ट्रेस किया जा रहा था। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अन्य आरोपियों क़्री पुलिस तलाश कर रही है।

### सामाजिक संगठनों ने विशाल पुष्प माला पहना विधायक विनोद भयाना का किया स्वागत

# हांसी बनेगा मॉडल जिला, इसी साल बैठेंगे डिस्ट्रिक्ट लेवल के अफसर

#### नागरिक अभिनंदन समारोह में विधायक को हांसी रत्न की उपाधि से भी नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶हांसी





**हांसी।** अभिनंदन समारोह में फूलों की बड़ी माला के साथ विधायक विनोद भयाना को सम्मानित करते आयोजन समिति सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

राज्य सरकार द्वारा नवगठित हांसी जिले को मॉडल जिला बनाया जाएगा। इस वर्ष सभी जिला स्तर के अधिकारी बैठने शुरू हो जाएंगे और अगले वर्ष जिला सचिवालय भवन, पुलिस लाइन, खेल स्टेडियम व अन्य जरूरी विकास परियोजनाएं पूरी हो जाएगी।

यह बात विधायक विनोद भयाना ने रविवार को एसडी महिला महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए थे। नागरिकों ने समारोह पहुंचकर हांसी जिला बनवाने के लिए विधायक विनोद भयाना का धन्यवाद किया। आयोजकों ने इस समारोह का नाम भी धन्यवाद समारोह ही रखा था।

इस अवसर पर उन्होंने हांसी को जिला बनाने के लिए रामनिवास फौजी द्वारा किए गए संघर्ष को याद करते हुए उन्हें मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि हांसी के लोगों ने मुझे जिला बनाने का दायित्व सौंपा था, जिसके पूरा होने पर आज मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि हांसी को जिला बनवाने में बेशक मेरे प्रयास रहे हो, लेकिन सही मायने में इस उपलब्धि के लिए हांसी की जनता ही धन्यवाद की पात्र है। लोगों की दी हुई ताकत की बदौलत ही मैं हर मंच पर जनता की आवाज को बुलंद कर सका। विधायक विनोद भयाना ने हांसी को जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जिलावासियों की ओर से धन्यवाद किया। समारोह में नप अध्यक्ष प्रवीण इलाहाबादी, मार्केट कमेटी अध्यक्ष दिनेश धवन, राजपाल यादव, विधायक के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी, नगर परिषद के उप प्रधान अनिल बंसल, मार्केट कमेटी के उपप्रधान सुरजीत गुर्जर, विधायक विनोद भयाना की धर्मपत्नी सुनीता भयाना, कुलबीर अहलावत, साहिल भयाना, श्याम खांडा तनुज खुराना अनिल चावला, सचिन जैन, प्रदीप गर्ग, पवन रापड़िया, सोनू जांगडा, सतपाल खांडेवाला, राहुल खुराना, राजेश बंसल, जय सिंह पाली, अभय सिंह अल्हान तथा विधायक के निजी सचिव रवि अरोड़ा सहित शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

#### हांसी के जिला बनने की पूरी प्रक्रिया को किया साझा

उन्होंने जिला बनने की पूरी प्रक्रिया को लोगों से साझा करते हुए बताया कि हांसी जिला बनने के लिए सभी मापदंड पूरे करता था लेकिन गांवों की संख्या का कम होना एकमात्र कमी थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पॉलिसी में ढील देकर इस कमी को दूर करते हुए हांसी का 193 साल पहले खोए गौरव को लौटने का काम किया। विधायक विनोद भयाना ने कहा कि हांसी के लोग मेरे लिए सब कुछ है। जिएंगे तो हांसी के लिए, मरेंगे तो हांसी के लिए। उन्होंने कहा कि हलके के लोगों का मुझ पर प्रगाढ़ विश्वास तथा आशीर्वाद ही मेरे पूरे जीवन की पूंजी है। समारोह में विधायक विनोद भयाना को सर्व समाज की ओर से पगड़ी पहनकर सम्मान दिया गया। इस दौरान विधायक को हांसी रत्न की उपाधि से भी नवाजा गया। शहर की अनेक संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों ने सम्मानित किया। इससे पूर्व विधायक विनोद भयाना को महाविद्यालय के मुख्य द्वार से बैंड बाजे के साथ सम्मान सहित समारोह मंच तक लाया गया।

## विद्या नगर के साहिल मर्डर केस में पुलिस के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

- पुलिस ने धरपकड़ के लिए किया दो टीमों का गठन

शहर के घोड़ा फार्म रोड स्थित विद्या नगर निवासी युवक साहिल की हत्या मामले में अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। परिजनों ने साहिल के ही तीन दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी।

पुलिस ने साहिल की हत्या के आरोप में केस दर्ज करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया है। पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई है। आरोपियों क़्री धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। फिलहाल आरोपी फरार चल रहे हैं। मामले के अनुसार विद्या नगर निवासी साहिल की शुक्रवार रात को हत्या करके उसका शव रेल पटरी के पास फेंक दिया गया था। शनिवार को करवाए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि मृतक के सिर पर तेजधार हथियार के तीन घाव व एक हाथ टूटा हुआ है।

*जो शिक्षा प्रणाली लड़के- लड़कियों को सामाजिक बुराई या अन्याय के खिलाफ लड़ना नहीं सिखाती तो उस शिक्षा में जरूर कोई न कोई बुनियादी खराबी है।*

*-मुंशी प्रेमचंद*



*हम गिनती के पांच लोग ही मेट्रो स्टेशन के बाहर सार्वजनिक वाहन का इंतज़ार कर रहे थे। लगातार बढ़ती धुंध में दृश्यता ज़ीरो के आसपास थी। वहां बिल्कुल अकेले खड़े रहने की कल्पना बहुत भयानक होती, इसीलिए लोगों की उपस्थिति से मुझे कुछ तसल्ली मिल रही थी। मगर जितने भी लोग वहां थे, उनका पुरुष होना डरा रहा था।*



**शहरी संस्कृति बेदिल नहीं होती। जो अपना घर पीछे छोड़ कर अकेली महिला को उसके घर तक छोड़ने आए, उससे नंबर शेयर ना करें, यह नहीं हो सकता। मैं कुछ दिन थोड़ी सतर्क रही कि शायद वह बेवजह संदेश भेजेगा या फोन करेगा, मगर ऐसा नहीं हुआ। धीरे-धीरे यह किस्सा मेरी याददाश्त में रहा, मगर जीवन से ख़त्म हो गया। कोरोना के कारण बने जटिल हालात में जीवन घरों में क़ैद हो गया था। ऐसे में एक दिन अन्तरराष्ट्रीय अनजान नंबर से मुझे व्हाट्सअप संदेश मिला।**



कहानी

वंदना यादव

# मीडिल मैन

वह सर्दियों की रात थी। मोबाइल में दिख रहे समय के अनुसार वक़्त देर शाम से आगे बढ़ कर पहले पहर की रात में ढल चुका था। मैं घर पहुंचने की बेचैनी में बार-बार समय देख रही थी। पन्द्रह मिनट पहले घड़ी में दस बज गए थे। समय अब भी लगातार आगे बढ़ता जा रहा था। महानगर की रोशनियों से ज़रा दूर होते ही डरावने अंधेरे घेरने लगते हैं। उस दिन अंधेरा पूरी दहशत के साथ मेरे आस-पास फैलता हुआ महसूस हुआ। रात साढ़े दस बजे के करीब मैं अपनी नियमित दिनचर्या से तीन की घंटे की देरी से मेट्रो से उतरी। गहराते कोहरे में सब सवारियों में अकेली महिला होने के कारण मैं कुछ ज्यादा ही आत्मविश्वास दिखा रही थी।

मेरे आगे-पीछे वाले मेट्रो के किसी कोच से एक बेफिक्र सा युवा भी उतरा। हम गिनती के पांच लोग ही मेट्रो स्टेशन के बाहर सार्वजनिक वाहन का इंतज़ार कर रहे थे। लगातार बढ़ती धुंध में दृश्यता ज़ीरो के आसपास थी। उस समय मंज़र कुछ अलग तरह का था। वहां बिल्कुल अकेले खड़े रहने की कल्पना बहुत भयानक होती इसीलिए लोगों की उपस्थिति से मुझे कुछ तसल्ली मिल रही थी। मगर जितने भी लोग वहां थे, उनका पुरूष होना डरा रहा था। सर्दी पूरे चरम पर थी इसीलिए इस समय वहां कोई ऑटो नहीं था। मेट्रो स्टेशन के बाहर मौजूद सभी पांच लोगों ने एक-दो बार संशय भरी नज़रों से एक-दूसरे को देखा। इसी दौरान वह बेफिक्र सा युवा अचानक मेरे पास आ कर खड़ा हो गया। बिना कुछ बोले, वह मेरे साथ खड़ा रहा। कानों पर मोटे हैडफोन के आकार का ठंडक से बचने का इंतजाम लगाए वह कोई गीत गुनगुना रहा था। उसके गीत की धुन इससे पहले मैंने कभी नहीं सुनी थी।

सब सवारियां किसी वाहन का इंतज़ार कर रही थी कि उसी समय दूर से एक ऑटो रिक्शा की आवाज़ अपनी ओर आती सुनाई दी। कुछ ही पलों में कोहरे के बीच से एक मद्दम से जलते बल्ब को अपनी ओर आते हुए पाया। ऑटो ठीक से रुका भी नहीं था कि छः लोगों की सवारी में चार लोग हड़बड़ी के साथ चढ़े, मानो देरी होने पर सीट नहीं मिलेगी। ऑटो रिक्शा के रुकने पर जब मैं बैठने लगी, 'प्लीज सिट' उस बेफिक्र से युवा ने अपने साथ वाली सीट की ओर संकेत करते हुए कहा। पैंतालीस वर्षों से यहां रहते हुए मैं इस शहर को कुछ-कुछ समझने लगी हूं। कैंडल मार्च करने वाला यह शहर अपने आसपास की महिलाओं की सुरक्षा से बेपरवाह रहता है। उस दिन भी यही हुआ।

दो सवारियों को उतारने के बाद उसी दिशा में मेरा घर था, मगर एक प्रोढ़ उम्र वाले साथी सवार ने चालक को बाध्य कर दिया दूसरी दिशा के अपने पते पर चलने के लिए। कहने-सुनने का कोई अर्थ नहीं था, इसीलिए मैं चुप रही। इसके बावजूद मेरे चेहरे पर परेशानी फैल गई। मेरी विवशता देख उस बेफिक्र युवा की आंखों में फिक्र के बादल उमड़ आए।

'मैम, आपको एड्रस पर ड्रॉप करके घर जाएंगे।' अनायास ही उसने कहा।

'मैं अपने आप चली जाऊंगी। आप अपना एड्रेस बता दो, जिसका घर पहले आएगा, रिक्शा उधर ही पहले जाएगा।'

'मैम, आप मेरा मम्मा जैसा हैं। मैं ऐसा रात में मेरी मम्मा को अकेला नहीं छोड़ेंगे।' इस बार मैंने उसके चेहरे को गौर से देखा, वह भारतीय नहीं था।

'तुम कहां से हो?'

'म्यांमार से मैम।'

'यहां कैसे आए?'

'काम से मैम।' उसके बोलने से लगा कि वह कहना चाहता था, मेरी उम्र से अंदाज़ लगा लो, यह काम करने की उम्र है, वही करने आया हूं।

'क्या करते हो?'

'अबी काम सीख रहा हे।' सड़क पर आती-जाती स्ट्रीट लाइट की रोशनी में मैंने उसकी आंखें देखीं, छोटी-छोटी सी, मगर ज़िंदगी से लबरेज़ आंखें।

'मेरा अंकल एडमिट हे यहां के हॉस्पिटल में।' उसने बताया।

'क्या हुआ उन्हें?'

'हार्ट का प्रोब्लम हे मैम। सर्जरी करना हे। ट्रांसप्लांट करेगा दोक्तर।' भाषाई भेद के बावजूद वह सही तरह से अपनी बात समझाना सीख गया था।

'कौन से हॉस्पिटल में हैं?' उसने जो नाम बताया उससे मेरी उत्सुकता बढ़ गई।

'तुम म्यांमार से सीधे यहां कैसे पहुंचे? इंटरनेट पर सर्च किया था, इस हॉस्पिटल के बारे में या किसी ने यहां भेजा है?' मैंने फिर सवाल किया।

'यस मैम, मेरा कंट्री से सब इंडिया आते हें इलाज के लिए।'

'क्या तुम्हें मेडिकल टूरिज्म के बारे में मालूम है?'

'यस।' उसने पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया।

'तुम्हें पक्का पता है ना कि तुम्हारे अंकल को इसी इलाज़ की ज़रूरत है, कहीं दोनों देशों के लोग मिलकर तुम्हें बेवकूफ ना बना रहे हों।'

'अमारे कंट्री में पहले चेक करते हे। वो रेफर करता हे, तब इंडिया आते हे।' उसने अपनी ओर से स्थिति की तस्वीर खींची। रिक्शा इस समय भी मेरे घर की विपरीत दिशा में दौड़ रहा था।

'मैम, आप कोई जॉब करते हे?' यह पूछते हुए उसकी आवाज़ में झिझक नहीं थी।

'क्यों?' महानगरीय लोग सामने घटित हो रही घटना को नज़र अंदाज़ करने और सवाल के बदले सवाल पूछने के आदी होते हैं। अब मैं भी महानगर हो गई हूं, सो बिना जांच पड़ताल किए, कुछ भी कैसे बता देती!

'आपको पहले नहीं देका। मे इसी टाइम पर आता हे कई बार।' उसने घड़ी देखते हुए कहा।

'तुम कब से हो यहां?'

'छे महीना से।'

'सर्जरी हो गई तुम्हारे अंकल की?'

'हो गए।'

'तुम वापस कब जाओगे?' इस बार ऑटो मेरे घर की दिशा में जा रहा था।

'मेरा एक ओर अंकल का सर्जरी होने हे। ये लोग रिटर्न जा रहे हे, मैं यहीं रहेगा।'

'ये तुम्हारे अंकल हैं या तुम यही बिजनेस करते हो?' इस बार का वार, लुहार के हथौड़े वाला था।

'ये अंकल हे, पर अब में यही रहेगा और काम सीकेगा।'

'क्या काम सीखने वाले हो?' मैंने पूछा।

'मिडिल मैन! में मिडिल मैन बनेगा।' उसने पूरे यक़ीन के साथ कहा।

'यह मीडिल मैन क्या होता है?'

'देको, अमरे मीडिल मैन और आपके देश वाले मीडिल मैन ने अमको ऑप्शन दिया कि इस ट्रीटमेंट के लिए इंडिया के कौनसे हॉस्पिटल में ईलाज करवाना हें। एक्चूली बताया कि ये वाले हॉस्पिटल टीक हे, तो अम यहां आया।' उसने मुझे समझाया।

'इसमें तुम क्या सीखोगे?'

'मैम, मेरे कंट्री का मैं सब कुच जानते हे। यहां रह कर आपके देश का सीक रहा हे। थोडा टाइम में देकना मैम, में सब सीक जाएगा... खूब रूपीज़ कमाएगा मैम। बैक होम, फेमली को भेजेगा वो सारे रूपीज़।'

'कितने लोगों का इलाज़ करवाओगे तुम?'

'मैम, मरना कोन चाहते हे? सब जानते हे कि मरना हे, फिर भी मरना नही चाहते।' यह कहकर वह ठट्ठा कर हंसा और देर तक हंसता रहा।

'मैम, ओल्ड मैन भी लोन पर रूपीज़ ले कर इलाज करवाने दौड़ते हे... कहीं भी दौड़ते हे। अमारा लोग इंडिया आते हे। में लाएगा उनको इंडिया। में मिडिल मैन बनेगा।'

'मीडिल मैन क्या होते हे?' मैंने पूछा।

'मेडीकल डीलर, में वही बनेगा।' उसने कहा।

'तुम्हारी फेमिली में कौन-कौन हैं, रुपये किसे भेजोगे?'

'मेरे पेरेंट्स हे मैम। अमारा फार्मिंग का लैंड हे जेसे आपके देश में खेती ओता हे, वहां भी ओता हे।'

'बस...बस, रिक्शा रोको, यही है मेरा घर।'

'मैम, प्रोबलम नई हे तो अपना नंबर शेयर करेंगे?' उसने कहा।

शहरी संस्कृति बेदिल नहीं होती। जो अपना घर पीछे छोड़ कर अकेली महिला को उसके घर तक छोड़ने आए, उससे नंबर शेयर ना करें, यह नहीं हो सकता। मैं कुछ दिन थोड़ी सतर्क रही कि शायद वह बेवजह संदेश भेजेगा या फोन करेगा, मगर ऐसा नहीं हुआ। धीरे-धीरे यह किस्सा मेरी याददाश्त में रहा मगर जीवन से ख़त्म हो गया। कोरोना के कारण बने जटिल हालात में जीवन घरों में क़ैद हो गया था। ऐसे में एक दिन अन्तरराष्ट्रीय अनजान नंबर से मुझे व्हाट्सअप संदेश मिला।

'मैम, में कॉल कर रहा हूं, आप प्लीज फोन उठाएं।' संदेश करने वाले की तस्वीर पहचानी सी लगी, परन्तु नाम याद नहीं आ रहा था।

'हैलो मैम, मैं अली बोल रहा हे म्यांमार से।' बस इतना ही परिचय चाहिए था। मुझे सर्द रात में फ़रिश्ते सा वह युवा याद आ गया।

'हैलो अली, कहां हो आजकल?'

'मैम, मेरा मदर एक्सपायर हो गया था, तब मैं अपने घर आया था फिर यह सब हो गया, फ्लाइट बंद हो गया। अब मेरे फादर भी नहीं रहा मैम।'

'ओह, जानकर बहुत दुख हुआ बेटा।' इस बार भी बेटा संबोधन अंतर्मन से निकला था।

'मैम, जल्दी ये सब ठीक होने वाला है। फ्लाइट शुरू होते ही मे इंडिया आ जाउंगा। अब उतने पैसे की जरूरत नहीं है। यहां कोई नहीं बचा मेरा। मैम, मेरा मम्मा नहीं रहा, मे एक बार आपसे मिलना चाहता हे, आ जाऊं मैम?'

'हां, बेटा, हालात ठीक हो जाते हैं तब आना।'

बात ख़त्म हो गई थी। चिपचिपा मौसम एकाएक बदल गया... हर ओर ठंडी हवा बहने लगी।

---

लघुकथा | डॉ. सुरेश वशिष्ठ



## पापिन

गंगा की पावन जलधार में डुबकी लगाई और ईश्वर का ध्यान किया। कुछ क्षण आंखें बंद किए उसे पुकारता रहा। डुबकी फिर लगाई। एक नहीं...कई डुबकियां एक साथ लगाई। फिर घाट की पौड़ी पर पांव रखा ही था कि सामने कावेरी को देख दंग रह गया।

वह शायद अपने पाप धोने आई थी। अंतस् में विचार जागने लगा।

मुझे देख ठगी-सी खड़ी रह गई वह और आंखों से अश्रुधारा फूट पड़ी। फिर मेरी आंखों में झांकती हुई धीरे से आगे बढ़ी और पैरों में गिरकर बिलख पड़ी। मैं अचेत-सा उसे देखता रहा।

चेतना जागी तो कह बैठा- 'मुझे छोड़कर गई, सहन हुआ। पर तुमने तो ममत्व का भी गला घोंट दिया। अपने ही दुधमुंहे बच्चे को छोड़कर चली गई ?'

'मैं आप दोनों की अपराधी हूं, पापिन हूं।' नजरें कभी उठती, कभी गिरती रही।

'जिसके लिए हमें छोड़कर गई थी, वह साथ नहीं है क्या? उसे तो तुम्हारे साथ होना चाहिए था?'

'नहीं...।' और रुदन काँपने लगा।

'नहीं क्यों..?'

'उसे मेरी देह चाहिए थी, मैं नहीं।...देह मिली तो वह चला गया।' बहती अश्रुधार से उसकी आंखें मिच-मिचाने लगी थीं।


गजल | सत्यप्रकाश बलेवा



## मानवता लाचार है

शक्तियों का हो रहा प्रचण्ड रोज प्रहार है,
हर तरफ चीख-पुकार और हाहाकार है।
थर्रा उठे शहर-महल वहां रातों-रात में,
शक्तियों के युद्ध में मानवता लाचार है।
शांति के दूत बने खाते हैं नित मौत को,
जगह-जगह लगा हुआ गोलों का अंबार है।
धधक रहा आसमान मौत की बारिश बने,
सनक शासक की उठे मार-अत्याचार है।
चारों तरफ हो रहा मौत का तांडव जहां,
मानव की बेबसी पर रो रहा संसार है।
भागती जिन्दगियां लील लेगा अब कभी,
क्रूर शासक कर रहे मौत का व्यापार है।
स्वार्थ अपने सिद्ध कर दादागिरी का सार है,
विश्व की संस्थाएं मौन-चुप लाचार है।

कविता | नवीन फरमाणियां



## सरकार के आगे

*सभी हैं मौन, सरकार के आगे*
*फिर बोले कौन, सरकार के आगे...*
*हो गया कानून अंधा, नहीं दिखता चेहरा*
*बन बैठा लोकतंत्र बहरा, सरकार के आगे ...*
*हो गए कैद क़फस में हम*
*अधिकार जो मांगे, सरकार के आगे...*
*महंगाई ने कर रखा गरीबों का हाल बेहाल*
*कौन करे सवाल, सरकार के आगे...*
*डंडों से देंगे मार, जाएंगे गैस के गोले दागे*
*जो मांगे रोजगार, सरकार के आगे...*
*राम राज्य में सुरक्षित नहीं, सीता जो*
*कौन दिलाएं न्याय रेप पीड़िता को, सरकार के आगे...*
*अमीर होता तो न्याय मिल जाता*
*गरीब खड़ा हाथ जोड़, सरकार के आगे...*
*कलम पर भी बरसा प्रकोप बनकर काल*
*नवीन तेरी क्या मजाल, सरकार के आगे।*

---

# जिंदा लोगों का मोहल्ला

*जिंदा आदमी खोज प्रतियोगिता की उद्घोषणा के बाद मोहल्ले में जैसे स्वयं को जिंदा साबित करने की निवासियों में होड़ -सी लग गई। जिंदा होने के सबूत जुटाए जाने लगे। गवाहों की सूची बनाई जाने लगी। दिन-रात लोग सांस ले लेकर देखने लगे। दूसरे मोहल्ले के लोगों के पास जाकर पूछने लगे कि क्या उन्हें वे जिंदा दिखाई दे रहे हैं?*



**सारा मोहल्ला निराशा से आसमान को ताक रहा था कि तभी एक बच्चे ने आकर बताया कि कब्रिस्तान के एक कोने में एक आदमी बैठा हुआ मिला है जिसके ललाट से खून निकल रहा है। आदमी से खून निकलता मोहल्ले ने पहली बार सुना था। कौतूहलवश पूरा मोहल्ला उस आदमी के इर्द-गिर्द जमा हो गया। आदमी में रक्त हो इसके साक्षी मोहल्ले वाले पहली बार हुए। आपसी विमर्श के बाद उस आदमी को पहला जिंदा आदमी घोषित कर दिया गया। मोहल्ला इतना खुश था कि सब निवासी उस आदमी का थोड़ा-थोड़ा खून निचोड़ कर अपने शरीर पर मलने लगे और जिंदा आदमी मिलने की खुशी में नाचने-गाने लगे।**



व्यंग्य

सुनील साहिल

आज मोहल्ले के निवासियों की सभा हुई जिसमें तय हुआ कि मोहल्ले के जिंदा लोगों को चिन्हित किया जाएगा, लेकिन साथ ही यह आशंका भी जाहिर की गई कि जिंदा लोगों की पहचान कैसे की जाए?

मोहल्ले के सबसे बुद्धिजीवी व्यक्ति ने एक सर्वश्रेष्ठ सुझाव दिया कि सबसे पहले यह देखा जाएगा कि जिंदा आदमी सांस ले रहा है। साथ में जिंदा आदमी की पहचान यह भी तय की जाए कि वह जमीन पर चलता हो और यदि जिंदा आदमी देख भी सकता है तो यह उसकी अतिरिक्त योग्यता होगी। एक मरे हुए जिंदा आदमी ने कहा कि मोहल्ला स्तर की 'जिंदा आदमी खोज प्रतियोगिता' का आयोजन हो और समारोह स्थल स्थानीय कब्रिस्तान का बाग हो क्योंकि वहां ऑडियंस के रूप में मुर्दे तो पहले से ही मौजूद हैं। इसके लिए आनन-फानन में एक समिति का गठन किया गया। सुझाव क्योंकि एक मरे हुए जिंदा आदमी ने दिया था तो सब निवासियों ने गाल बजाकर इसका स्वागत किया। जिंदा आदमी खोज प्रतियोगिता की उद्घोषणा के बाद मोहल्ले में जैसे स्वयं को जिंदा साबित करने की निवासियों में होड़ सी लग गई। जिंदा होने के सबूत जुटाए जाने लगे। गवाहों की सूची बनाई जाने लगी। दिन-रात लोग सांस ले लेकर देखने लगे। दूसरे मोहल्ले के लोगों के पास जाकर पूछने लगे कि क्या उन्हें वे जिंदा दिखाई दे रहे हैं?

कुछ अतिरिक्त चतुर युवा प्रतियोगी 'जिंदगी जिंदादिली का नाम है मुरदे क्या खाक जिया करते हैं' जैसी कविताएं रटने लगे। लड़कियां 'जिंदा हूं मैं' जैसे सिनेमाई नगमे याद करने लगी। मानों मोहल्ला फिर से जी उठा। चारों तरफ जिंदगी का माहौल था। आखिरकार प्रतियोगिता का दिन आ ही गया। मुख्य अतिथि स्थानीय नेता श्री मरे प्रसाद 'जीवित' जी थे जो कि अपने समय के महान स्वघोषित जिंदा थे। उन्हें 'जिंदा विभूषण' जैसा राष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। जिंदा लोगों की इस खोज प्रतियोगिता में सबसे पहले मोहल्ले के निवासियों को भागकर दिखाना था। बिगुल बजते ही सब भागने लगे और कुछ निवासी ऐसे पीठ दिखाकर भागे कि लौटकर कर ही नहीं आए। इसका अर्थ ये निकाला गया कि वे जिंदा नहीं थे, बस अपने कंधों पर अपनी लाश ढो रहे थे और इस अवगुण के चलते वे सब प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

एकाएक मोहल्ले के साहित्यकार समवेत स्वर में चिल्लाने लगे 'हिंदी हमारी मां है, हिंदी हमारी मां है' क्योंकि उन्होंने कहीं से सुन लिया था कि जिसे निज भाषा पर अभिमान नहीं, वह पुरुष मृत समान है। जिंदा दिखने का यह उनका अनूठा प्रयास था। दूसरे राउंड में नेताजी मोहल्ले की एक औरत को पीटने लगे जिसे मोहल्ला निवासी मनोरंजन की दृष्टि से देख रहे थे। यही उनकी परीक्षा की घड़ी थी, जिसे निर्णायकों ने अपनी सूक्ष्म दृष्टि से जांचा। जिस-जिस ने ताली बजाई और उछल कूद की, उन्हें प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया और जिस-जिस ने नेताजी को पकड़कर कूटा, उन्हें अलग से खड़ा कर दिया गया। वे सेमी फाइनल में प्रवेश कर चुके थे। इससे अगले राउंड में प्रतिभागियों को नेताजी की महिमा में चार पंक्तियां लिखनी थी। जिस-जिस ने भी लिख दी, वे भी प्रतियोगिता से बाहर कर दिए गए। चापलूसी, चाटुकारिता और चमचागिरी जिंदा आदमी के लिए विष के समान समझी गई। मोहल्ला अभी भी आशावादी था कि उनके बीच कुछ जिंदा लोग तो जरूर पाए जाएंगे। सो प्रतियोगिता जारी रही- लोगों का चलना देखा गया, उनका सांस लेना देखा गया, उनका पानी पीना, उनका हंसना-रोना देखा गया, लेकिन मोहल्ले को फिर भी एक संपूर्ण जिंदा आदमी नहीं मिला। जो मुर्दनी उस मोहल्ले में सदियों से थी, वह और छा गई। रुदालियां रोने की तैयारियां करने लगी। शहनाई वादक को खबर कर दी गई। सारा मोहल्ला निराशा से आसमान को ताक रहा था कि तभी एक बच्चे ने आकर बताया कि कब्रिस्तान के एक कोने में एक आदमी बैठा हुआ मिला है जिसके ललाट से खून निकल रहा है। आदमी से खून निकलता मोहल्ले ने पहली बार सुना था। कौतूहलवश पूरा मोहल्ला उस आदमी के इर्द-गिर्द जमा हो गया। आदमी में रक्त हो इसके साक्षी मोहल्ले वाले पहली बार हुए। आपसी विमर्श के बाद उस आदमी को पहला जिंदा आदमी घोषित कर दिया गया। मोहल्ला इतना खुश था कि सब निवासी उस आदमी का थोड़ा-थोड़ा खून निचोड़ कर अपने शरीर पर मलने लगे और जिंदा आदमी मिलने की खुशी में नाचने-गाने लगे। यह खूनी उत्सव पूरी रात चलता रहा। सुबह हुई तो देखा कि वह एकमात्र जिंदा आदमी भी मर चुका था।

---

# संवेदनाओं का पारदर्शी दर्पण है काव्य संग्रह 'अभिव्यक्ति'






**पुस्तक : अभिव्यक्ति**
**कवयित्री : डॉ. पूनम भारद्वाज**
**मूल्य : 240 रुपये**
**प्रकाशक : अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली**

पुस्तक समीक्षा | डॉ. विजेन्द्र कुमार

साहित्य की अविरल धारा में कविता वह दर्पण है, जिसमें समाज अपनी संवेदनाओं, संघर्षों और स्वप्नों का चेहरा देखता है। आधुनिक हिंदी साहित्य के परिदृश्य में डॉ. पूनम भारद्वाज का काव्य-संग्रह 'अभिव्यक्ति' एक ऐसी ही सशक्त उपस्थिति है, जो अपनी वैचारिक गहराई और भावपूर्ण प्रस्तुति से पाठक के हृदय पर अमिट छाप छोड़ने में समर्थ है। यह कृति केवल शब्दों का विन्यास नहीं, बल्कि एक स्त्री के अंतर्मन की गूंज, सामाजिक विसंगतियों पर प्रहार और मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना का एक गंभीर प्रयास है।

डॉ. भारद्वाज की कविताएं जीवन के उस यथार्थ से रूबरू कराती हैं, जिसे हम अकसर अपनी भागदौड़ भरी ज़िंदगी में अनदेखा कर देते हैं। उनकी शैली में जहां एक ओर कोमलता है, वहीं दूसरी ओर ज्वलंत मुद्दों पर एक निर्भीक स्पष्टता भी दिखाई देती है। इस संग्रह की सबसे बड़ी विशेषता इसकी बहुआयामी प्रकृति है। कवयित्री ने प्रेम, प्रकृति, आध्यात्मिकता और स्त्री-विमर्श जैसे विषयों को बहुत ही सूक्ष्मता से अपनी लेखनी में पिरोया है। उनकी कविताओं में एक प्रवाह है, जो पाठक को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। 'अभिव्यक्ति' की पंक्तियों में छिपी गहरी दार्शनिकता पाठक को आत्मचिंतन के लिए विवश करती है। संग्रह का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष स्त्री-चेतना और उसकी अस्मिता का प्रश्न है। कवयित्री ने अपनी कविताओं के माध्यम से स्त्री के अंतर्द्वंद्व और उसकी शक्ति को बहुत ही प्रभावी ढंग से मुखर किया है। वे स्त्री को केवल त्याग की मूर्ति के रूप में ही नहीं, बल्कि एक स्वाभिमानी और स्वतंत्र चेतना के रूप में प्रतिष्ठित करती हैं। आध्यात्मिक स्तर पर भी यह संग्रह काफी समृद्ध है। भक्ति और आस्था उनके काव्य में अंधविश्वास के रूप में नहीं, बल्कि एक आंतरिक शक्ति के रूप में प्रवाहित होती है। वे ईश्वर को मंदिर या मस्जिदों के बजाय मनुष्य के भीतर और उसकी सेवा में खोजने का संदेश देती हैं। उनकी आध्यात्मिक चेतना लोक-कल्याण की भावना से ओत-प्रोत है। काव्य-शिल्प की दृष्टि से देखें तो 'अभिव्यक्ति' की भाषा सरल, सहज और प्रवाहमयी है। क्लिष्ट शब्दों के बजाय उन्होंने ऐसे शब्दों का चयन किया है जो सीधे पाठक के संवाद स्थापित करते हैं। उपमाओं और प्रतीकों का प्रयोग बहुत ही सटीक और प्रभावशाली ढंग से किया गया है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि डॉ. पूनम भारद्वाज ने इस संग्रह के माध्यम से हिंदी कविता की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाया है। 'अभिव्यक्ति' नाम सार्थक सिद्ध होता है क्योंकि यह केवल कवयित्री की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति की आवाज़ बन जाती है जो जीवन को गहराई से महसूस करता है। इस संग्रह की एक और कविता की ये पंक्तियां मन को गहराई तक छू जाती हैं :

*'रिश्तों की डोर बड़ी कच्ची है,पर*
*विश्वास की नींव अगर सच्ची है,*
*तो तूफानों में भी दीये जलेंगे, क्योंकि*
*नियत हमारी अच्छी है।'*

अंततः, डॉ. पूनम भारद्वाज का यह काव्य-संग्रह 'अभिव्यक्ति' हिंदी साहित्य की एक अनमोल निधि है। यह पुस्तक उन सभी के लिए पठनीय है जो कविता में सत्य, शिव और सुंदर की खोज करते हैं। यह संग्रह हमें यह विश्वास दिलाता है कि जब तक शब्द जीवित हैं और कवियों की लेखनी सक्रिय है, तब तक मानवीय संवेदनाओं का दीप प्रज्ज्वलित रहेगा। डॉ. भारद्वाज की यह कृति न केवल उनके काव्य-कौशल का प्रमाण है, बल्कि उनके संवेदनशील व्यक्तित्व का प्रतिबिंब भी है। यह काव्य-यात्रा पाठकों के मन में एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करती है, जो साहित्य की वास्तविक सार्थकता है।

## सिद्ध बाबा बालकनाथ व दुर्गा माता मंदिर के झंडे की वार्षिक शोभा यात्रा निकाली

# सोचने-समझने की शक्ति का सही प्रयोग करे मनुष्य : संजीव

सच्ची लग्न से भक्ति की जाए तो भगवान कर देते भक्त के सभी दुखों का निवारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


शोभा यात्रा में भाग लेते भगत संजीव कुमार महाराज व श्रद्धालु।

तरसेम नगर स्थित मंदिर सिद्ध बाबा बालकनाथ व दुर्गा माता मंदिर की झंडे की 57वीं वार्षिक शोभा यात्रा रविवार सुबह मंदिर प्रांगण से शुरू हुई। शोभा यात्रा का शुभांरभ विशेष बैंड के साथ हुआ। इस दौरान मंदिर प्रांगण 'जय बाबे दी' व 'जय माता दी' के जयघोष से गूंज उठा।

मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने बताया कि भगत संजीव कुमार महाराज सुबह 7 बजे श्रद्धालुओं के साथ मंदिर प्रांगण से झंडा फेरी के साथ रवाना हुए। इस दौरान भगत संजीव कुमार महाराज ने श्रद्धालुओं के घरों में बाबा जी की ज्योत प्रज्जविलत की। शोभा यात्रा तरसेम नगर, मिल गेट, नई सब्जी मंडी, जहाज पुल चौक, पड़ाव चौक, राजगुरु मार्केट, नागोरी गेट से लाहौरिया चौक, 12 क्वार्टर रोड, शिव नगर होते हुए दोपहर बाद मंदिर पहुंची।

मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए भगत संजीव कुमार महाराज ने कहा कि पेट तो हर जीव भरता है लेकिन भगवान ने मनुष्य को हर तरह की सोचने व समझने की शक्ति दी है। इसलिए हमें प्रभु की दी हुई इस शक्ति का सही प्रयोग करते हुए ऐसे कार्य करने चाहिए जिससे कि हमारे कार्य से भगवान भी खुश हो। उन्होंने कहा कि भगवान के नाम के सिमरन से हम अपनी अनेक समस्याओं का हल पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सत्संग में प्रभु विराजमान रहते हैं। उन्होंने कहा कि सच्ची लग्न से भक्ति की जाए तो भगवान भक्त के सभी दुखों का निवारण कर देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने माता-पिता, बुजुर्गों व गुरुजनों का आदर करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए।


कौशिक नगर स्थित ध्यान केंद्र में साधना करने पहुंचे साधक।

# आचार्य गगन ने 'सोहम्' ध्यान की गहन साधना का अभ्यास करवाया

- समर्थगुरु धारा संघ के तत्वाधान में साप्ताहिक ध्यान सत्र आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

समर्थगुरु धारा संघ के तत्वाधान में साप्ताहिक संडे ध्यान सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधकों ने भाग लिया और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य गगन ने किया। उन्होंने उपस्थित साधकों को सोहम् ध्यान की गहन साधना करवाई। आचार्य गगन ने बताया कि सोहम् एक प्राचीन आध्यात्मिक मंत्र है, जिसका अर्थ है 'मैं वही हूं' अर्थात आत्मा और परमात्मा की एकता का अनुभव। 'सोहम' ध्यान श्वास के साथ किया जाने वाला एक सहज और प्रभावशाली ध्यान है। श्वास अंदर लेते समय मन ही मन "सो" का उच्चारण और श्वास बाहर छोड़ते समय 'हम्' का स्मरण। इस प्रक्रिया से साधक का मन वर्तमान क्षण में स्थिर होता है और भीतर की शांति जागृत होती है। आचार्य गगन ने समझाया कि नियमित अभ्यास से तनाव, चिंता और मानसिक अशांति में कमी आती है तथा आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा में वृद्धि होती है। साधकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि ध्यान के पश्चात उन्हें मानसिक हल्कापन, सकारात्मकता और गहरी शांति का अनुभव हुआ।

समर्थगुरु धारा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य सुभाष ने आचार्य गगन का आभार प्रकट किया और बताया कि इस प्रकार के ध्यान सत्र प्रत्येक रविवार को सुबह 7 से 9 बजे तक अपने साधना केंद्र कौशिक नगर में आयोजित किए जाते हैं, जिससे समाज में आध्यात्मिक जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिल सके। हिसार संघ द्वारा यह संडे ध्यान कार्यक्रम प्रेरणादायक रहा।

# 29 को महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण करेंगे पंजाब के सीएम


हांसी। प्रतिमा कार्यक्रम का निमंत्रण देते अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु चौधरी दांतल व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

- अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु चौधरी समारोह का निमंत्रण देने सोरखी पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु चौधरी दांतल ने कहा है कि महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का अनावरण 29 मार्च को 10 बजे मेरठ में हितकारी किसान इंटर कॉलेज, सकौती टांडा में किया जाएगा। अध्यक्षता राजस्थान के पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह करेंगे। मनु चौधरी दांतल अनावरण कार्यक्रम के लिये हरियाणा में समाज के लोगों को निमंत्रण देने आये थे।

सोरखी में आप, हांसी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी के प्रतिष्ठान पर हांसी व आसपास के क्षेत्रों से जाट समाज के प्रतिनिधियों को निमंत्रण देने के लिये बैठक का आयोजन किया गया। उनके साथ जाट संसद के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप बामल भी थे। बैठक में सैंकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए मनु चौधरी दांतल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद ने उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ी महाराजा सूरजमल की प्रतिमा का निर्माण करवाया गया है। बैठक के बाद मनु चौधरी दांतल ने बताया कि समारोह में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, नागोर के सांसद हनुमान बैनीवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेन्द्र सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कैराना के पूर्व सांसद हरपाल सिंह पंवार, यूपी विधान परिषद के सदस्य मोहित बैनीवाल व अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक अध्यक्ष रामावतार पलसानिया विशिष्ट अतिथि होंगे।



## राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मिले खाप प्रधान कर्मवीर कालीरामण

**नारनौंद।** अखिल भारतीय कालीरामण खाप पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मवीर कालीरामण ने की राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मुलाकात करके प्राकृतिक खेती के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा करके रोड मैप तैयार किया। जन-मानस को जहरमुक्त खेती से जोड़ने के लिए अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। कुरुक्षेत्र में अखिल भारतीय कालीरामण खाप पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मवीर कालीरामण ने गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मुलाकात कर प्राकृतिक खेती, सामाजिक सरोकारों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने प्राकृतिक खेती के मॉडल को सांझा करते हुए कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र इस दिशा में एक जीवंत उदाहरण है। उन्होंने खाप अध्यक्ष को प्रेरित किया कि सामाजिक संगठनों को आगे आकर किसानों को रासायनिक खेती के घातक परिणामों से सचेत करना चाहिए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

# पार्टी की नीतियों को बूथ स्तर तक लेकर जाएं कार्यकर्ता : अजय सिंधु

- प्रशिक्षण महा अभियान के तहत मंडल कार्यकर्ताओं ने शिविर में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद


नारनौंद। शिविर के दौरान योग करते कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान गांव खांडा खेड़ी के परम मित्र विद्या निकेतन विद्यालय में आयोजित किया गया। इसमें भारतीय जनता पार्टी के बास मंडल के सैकड़ों सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी और युवा नेता अजय सिंधु ने किया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों सहित अनेक जानकारी देकर जागरूक किया।

प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन, जयबीर माजरा, चेयरमैन शमशेर मोर, सोनू सैनी ने बताया कि बास मंडल की तरफ से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण मां अभियान के तहत 24 घंटे के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को पार्टी की नतियों से अवगत कराते हुए ये प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। कार्यकर्ताओं को शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत करके पार्टी की रीति और नीति के बारे में भी अवगत कराया गया है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करना होगा। साथ ही त्रिदेव की सूची भी तैयार करने के लिए ट्रेनिंग दी गई है। अन्य सामाजिक संगठनों को जोड़कर पार्टी को गांव स्तर पर मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर कुलदीप गौतम, अमित मोर, सुधीर पांचाल आदि मौजूद थे।

प्रशिक्षण शिविर में सुबह योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पतंजलि के बास तहसील योग प्रभारी वेद प्रकाश आर्य ने ध्यान, प्राणायाम और स्वस्थ व आदर्श दिनचर्या और भविष्य में बढ़ रही असाध्य बीमारी बढ़ रही अदरंग अंतक योग के बारे में भी विशेष रूप से बताया गया। और पतंजलि के बास तहसील के युवा सह प्रभारी बिजेंद्र आर्य ने सूर्य नमस्कार और कठिन आसनों का अभ्यास कराया गया। साथ में प्रतिदिन हमें हमें कैसे बैठना है, कैसे उठाना है और कैसे सोना है इन सभी आसनों का भी अभ्यास कराया गया। और साथ में सभी को यह संदेश दिया गया कि पहला सुख निरोगी गया तब होगा जब हम प्रतिदिन योग अभ्यास खुद भी करेंगे और औरों को भी कराएंगे।

# कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने रविवार को नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों व शहरों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचे।

मंत्री रणबीर गंगवा ने सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निपटारा किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर लोगों ने सड़कों, बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, विकास कार्यों तथा नगर निकाय सहित विभिन्न विषयों से संबंधित समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया गया तथा शेष मामलों को संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

## महंगाई बढ़ने से आम आदमी का जीना मुश्किल : राजेन्द्र सोरखी

**हांसी।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से देश और



प्रदेश में महंगाई लगातार विकराल रूप धारण करती जा रही है। कभी पेट्रोल-डीजल, कभी यूरिया तो कभी खाद्य पदार्थों के रेट बढ़ाकर आम जनता की कमर तोड़ने का काम किया जा रहा है। अब हाल में गैस सिलेंडर के बेतहाशा रेट बढ़ाकर जनता के घावों पर नमक छिड़कने का काम किया गया है। पार्टी के हांसी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि सरकार को रसोई में प्रयोग होने वाली जरूरी वस्तुओं जैसे गैस, तेल और खाद्य सामग्री के दाम नियंत्रित रखने चाहिए ताकि आम आदमी कम से कम दो वक्त की रोटी तो खा सके, लेकिन सरकार समय-समय पर जनता को महंगाई की मार दे रही है। सरकार जनहित के फैसले ने लेकर जन विरोधी फैसले ले रही है। उन्होंने सरकार की गलत नीतियों से बढ़ती महंगाई पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गरीब परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ रहा है। आम आदमी के लिए रोजमर्रा की रसोई चलाना भी मुश्किल हो गया है। भाजपा ने सत्ता में आने से पहले 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था लेकिन अब घरेलू गैस सिलेंडर में 60 और कमर्शियल सिलेंडर में 115 रुपए का इजाफा करके एक बार पुनः जन विरोधी सरकार होने का परिचय दिया है।

# जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर में 545 विद्यार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा


जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- नौवीं, दसवीं, बारहवीं, नीट, सीयूईटी व सीए फाउंडेशन की निशुल्क पढ़ाई की प्रवेश परीक्षा में उमड़े विद्यार्थी

बच्चों को निशुल्क शिक्षित करने लिए प्रतिबद्ध जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर की ओर से पहली प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में निजी व सरकारी विद्यालयों के 545 विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी नौवीं, दसवीं व बारहवीं कक्षा एवं नीट, सीयूईटी व सीए फाउंडेशन की पढ़ाई निशुल्क करेंगे। इस परीक्षा का परिणाम 11 मार्च को घोषित किया जाएगा। दूसरी प्रवेश परीक्षा 22 मार्च को प्रातः 10 बजे बालसमंद रोड स्थित जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर पर ही आयोजित की जाएगी। दूसरी प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म 20 मार्च तक जमा करवाए जा सकते हैं। जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर की निदेशक मनीषा जैन ने बताया इस सेंटर में विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाती है। यह हिसार का एकमात्र ऐसा स्टडी सेंटर है जहां विद्यार्थियों को इतने अच्छे और शांत वातावरण में बेहतरीन स्टडी मटेरियल और अनुभवी शिक्षकों द्वारा बिना किसी शुल्क के शिक्षा प्रदान की जाती है। बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के ट्रस्टी राजेंद्र प्रसाद जैन ने बताया कि यह स्टडी सेंटर बालसमंद रोड पर रावलवासिया धर्मशाला के पास स्थापित है।



हांसी। इंटीग्रेटेड अचीव एवं पेरेंट्स ओरिनेशन कार्यक्रम में भाग लेते अभिभावक।

## आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में हुआ कार्यक्रम

**हांसी।** मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में रविवार को छात्र पुनर्जीवन एवं पेरेंट्स ओरिनेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में इंटेग्रेटिड अचीव के अंतर्गत जेईई, एनईईटी, सीएलएटी और सीए फाउंडेशन प्रोग्राम का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कक्षा आठवीं, नौवी, दसवीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मास्टर ट्रेनर सीबीएसई रिसोर्स पर्सन राजन शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भूगोल के प्रोफेसर डॉ. राजकुमार यादव, विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव, ग्राम विकास मंडल प्रधान राजेश यादव, निदेशक साहिल यादव, प्रिंसिपल नितीश मिश्र आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों को प्रेरित करने वाले सत्र "छात्र पुनर्जीवन" से हुई, जिसमें प्रेरणा, एक्सेल और लक्ष्य निर्धारण जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। इसके साथ ही सकारात्मक सोच और अनुशासन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

## शिमला से पैदल चली श्याम प्रेमी का स्वागत



**बरवाला।** श्री खाटू श्याम धाम जाने के लिए शिमला से पैदल चली एक महिला शिमला निवासी शीतल वर्मा बरवाला पहुंची। श्याम प्रेमी इस महिला शीतल वर्मा द्वारा शिमला में श्री खाटू श्याम मंदिर बनवाने के लिए यह पैदल यात्रा की जा रही है। बरवाला में दौलतपुर चौक के पास स्थित श्याम प्रेमी अमित पिलानी के आवास पर श्याम प्रेमी इस महिला का श्याम प्रेमियों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान श्याम प्रेमी अमित पिलानी के आवास पर भजन कीर्तन किया गया। इस भजन कीर्तन में बाल कलाकार चेतन भुटानी ने अपने मधुर कंठ से श्री श्याम बाबा के भजनों का गुणगान किया। ठहराव के बाद यह महिला शीतल वर्मा निशान को लेकर श्री खाटू श्याम धाम के लिए रवाना हो गई। यह महिला पैदल चलकर एकादशी के दिन 15 मार्च को श्री खाटू श्याम धाम पहुंचेगी।

## चेन्नई में पासिंग आउट परेड के बाद गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत

# पेटवाड़ का लाल आकाश दुहन बना लेफ्टिनेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद


**नारनौंद।** पेटवाड़ में पहुंचने पर लेफ्टिनेंट आकाश दुहन का स्वागत करते ग्रामीण।

सपनों को पंख लगाने हों तो सपने नींद में नहीं खुली आंखों से देखने चाहिए। गांव पेटवाड़ के आकाश दुहन ने बचपन से ही सपने देखने शुरू कर दिए थे कि वह बड़ा होकर सेना में बड़ा ऑफिसर बनेगा और उसका सपना सच भी हो गया। वह सेना में लेफ्टिनेंट बन गया।


रविवार को पूरा गांव उसके स्वागत के लिए खड़ा नजर आया। हर किसी को गर्व था कि गांव पेटवाड़ का लाल अब सेना में बड़े अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं देकर गांव का नाम रोशन करेगा। सात मार्च को चेन्नई में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद वो गांव में पहुंचे थे। गांव में पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया विधायक जस्सी पेटवाड़, सरपंच सतबीर दुहन सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने फूल मालाएं डालकर उनका स्वागत किया। गांव पेटवाड़ के लाल आकाश दुहन के पिता किस्मत फौज में थे अब वो रिटायर हो चुके हैं। माता सुनीता दुहन आंगनवाड़ी में सुपरवाइजर के पद पर तैनात हैं। पिता चाहते थे कि बेटा सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करें। आकाश दुहन भी बचपन में ही अपने पिता को फौजी की ड्रेस में देखा था तो उसने सोच लिया था कि सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करनी है। वह पांचवी कक्षा में ही कुंजपुरा के सैनिक स्कूल में पढ़ाई करने चले गए थे। पंजाब यूनिवर्सिटी से बीए और एमए की पढ़ाई पूरी की इस दौरान उन्होंने सीडीएस की परीक्षा पास की उन्होंने ऑल इंडिया में 104 वा रैंक प्राप्त किया और लेफ्टिनेंट के लिए उनका चयन हो गया।

आकाश दुहन ने बताया कि उनकी सफलता के पीछे उनके माता-पिता के साथ-साथ कुंजपुरा का सैनिक स्कूल भी है। वहीं पर अच्छे संस्कार और शिक्षा प्राप्त करके उन्होंने अपने सपने को पूरा किया है।

# विजयलक्ष्मी बनी असिस्टेंट प्रोफेसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हरियाणा लोक सेवा आयोग की ओर से जारी परिणाम में जिले के गांव शिकारपुर निवासी बीरसिंह नोखवाल की बेटी व गांव सरसौद के स्व. बलदेव सिंह रोहज की पुत्रवधू विजय लक्ष्मी का चयन कॉलेज कैडर में हिंदी विषय की असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। इससे पहले वे सहकारी समितियां बवानी खेड़ा (भिवानी) में निरीक्षक पद पर कार्यरत थी। उन्होंने यह सफलता पूरी तरह सेल्फ स्टडी और नौकरी के साथ गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियां निभाते हुए हासिल की। विजयलक्ष्मी का 21 वर्ष की आयु में निरीक्षक सहकारी समितियां की पद पर चयन हुआ था। इसके पश्चात लंबे अंतराल के बाद 35 वर्ष की आयु में अपने छोटे बच्चों की जिम्मेदारियों के साथ फिर से पढाई आरंभ की और हिंदी विषय से एमए करने के बाद वर्ष 2020 में नेट जेआरएफ की परीक्षा उतीर्ण की और 40 वर्ष की आयु में हरियाणा लोक सेवा आयोग के माध्यम से असिस्टेंट प्रोफेसर की पद पर चयन भी प्राप्त किया। उन्होंने यह सिद्ध किया कि सपनों की कोई उम्र नही होती। यह केवल एक नियुक्ति नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और निरंतर अध्ययन की प्रेरणादायक गाथा है। यदि इरादे मजबूत हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।


असिस्टेंट प्रोफेसर बनी विजय लक्ष्मी।

विजयलक्ष्मी के पिता बीरसिंह नोखवाल बिजली विभाग से सेवानिवृत है और माता श्रीमती पार्वती देवी गृहणी है। इन्होंने हिसार में रहकर अपने बच्चों को पढाया और आज उनके तीनों बच्चे बड़े पदो पर कार्यरत है। विजयलक्ष्मी का कहना है कि उनकी इस सफलता की पीछे उनके पति विनोद कुमार जो पीजीटी फिजिक्स के पद पर कार्यरत है व उनकी सास बिमला देवी का विशेष योगदान रहा है। अपनी इस सफलता के लिए वह अपने परिवार को प्रेरणा स्त्रोत मानती हैं।

## संगीतमयी व सुरमयी शाम में खूब झूमे बुजुर्ग

**हिसार।** बुजुर्गों को पारिवारिक माहौल देने के लिए कैमरी रोड स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम में समय-समय पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में आर्केस्ट्रा के साथ क्लासिकल नाइट का आयोजन किया गया। इस संगीतमयी व सुरमयी शाम का बुजुर्गों ने खूब आनंद उठाया। द्रोण गर्ग द्वारा अपने माता-पिता की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक मां पंकज संधीर



व प्रधान विजय भृगु सहित समस्त बुजुर्गों व स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इसके साथ ही बहुत से युवाओं ने अपने माता-पिता के साथ मोक्ष वृद्धाश्रम में पहुंचकर इस कार्यक्रम में शिरकत की। द्रोण गर्ग ने अपने माता-पिता की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए युवाओं को अपने माता-पिता के साथ मोक्ष वृद्धाश्रम में आमंत्रित किया और सभी ने मिलकर बुजुर्गों के साथ नाचते-झूमते हुए पूरे माहौल को खुशनुमा बना दिया। इस अवसर पर ब्लैक एंड वाइट युग से कलर युग तक के गीतों का सफर देखने को मिला। अपने जमाने के पुराने गीत सुनकर बुजुर्ग भावविभोर हो गए। बुजुर्गों ने गीतों को गुनगुनाते हुए पुराने दिनों को याद किया। कार्यक्रम के दौरान सभी के लिए सात्विक जलपान व भोजन की समुचित व्यवस्था भी रही। मां पंकज संधीर व विजय भृगु ने बताया कि बुजुर्गों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए आश्रम में समय-समय पर धार्मिक, सामाजिक व संगीतमयी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में एक युवक गिरफ्तार

नारनौंद। सीआईए स्टाफ नारनौंद की टीम ने भेड़-बकरी चोरी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। सीआईए स्टाफ नारनौंद में तैनात सिपाही कुलदीप कुमार ने बताया कि 9 जनवरी को लोहारी राघो निवासी जुम्मा ने शिकायत दी थी कि उसके पशु बाड़े से कोई चोरी करके भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए अहम सुराग मिले जिस पर टोहाना निवासी युवक राजेश को गिरफ्तार कर लिया।

### गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी निंदनीय

हिसार। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी वापस लेने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि घरेलू और व्यावसायिक, दोनों तरह के गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी निंदनीय है। पार्टी के जिला सचिव दिनेश सिवाच ने कहा कि घरेलू ग्राहकों के लिए 60 रुपये की बेरहम बढ़ोतरी से उज्ज्वला स्कीम के गरीब लाभार्थी भी नहीं बचेंगे। व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में 114.50 रुपये की बढ़ोतरी भी आखिरकार ग्राहकों पर ही पड़ेगी। उन्होंने कहा कि सिलेंडर पर टैक्स से मिलने वाली कमाई छोड़ने से इनकार करना सरकार की जनविरोधी प्रकृति को दिखाता है।

### 'हमारा प्यार-हिसार' ने जारी रखा पेंटिंग अभियान

हिसार। शहर को सुंदर, स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने के प्रयास के तहत आज 'हमारा प्यार–हिसार' की टीम ने रविवार को डाबड़ा चौक फ्लाईओवर के नीचे पेंटिंग व सफाई अभियान जारी रखा। इसके साथ-साथ यहां के दुकानदारों व रेहड़ीवालों को भी सफाई के प्रति जागरुक किया जा रहा है। नगर निगम ने भी यहां गंदगी फैला रहे कुछ दुकानदारों पर जुर्माना लगाया। यह अभियान अभी आगे भी जारी रहेगा। अभियान में सुशील खरींटा, डॉ. एसके गर्ग, डॉ. राज वर्मा, राजेंद्र गहलोत, प्रो. हरीश भाटिया, डॉ. मंगलसेन मलिक आदि ने भाग लिया।

### अंडरपास की मांग को लेकर धरना जारी

उकलाना। अंडरपास की मांग पर यहां चल रहा धरना रविवार को 52वें दिन में पहुंच गया। धरना स्थल पर समाजसेविका मीनाक्षी संजीव इंदौरा पहुंचीं और महिलाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष और बलिदान की कहानी है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। नगर पालिका चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि चुनावों में वोट बिकने का जो ठप्पा लग गया है, उसे इस बार मिटाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिनका वोट है, सत्ता में भी वही आएं, इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी रिंकू वर्मा, कपूर सिंह, बलजीत नंबरदार, हेमराज, राजू ठेठी, मंगलम, काशीराम कुलदीप सिंह, लालचंद सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




हिसार। महिला दिवस के उपलक्ष्य में राजगढ़ स्थित पनिहार फार्म पर 'महिला खेल प्रतियोगिता' में दमखम दिखातीं महिलाएं और जीतो हिसार चैप्टर की कार रैली में हिस्सा लेतीं महिलाएं। जीतो हिसार चैप्टर के अध्यक्ष आशीष जैन ने ऑर्गेनाइजेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिलेभर में हुआ खेल प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन

# महिलाएं हमारे समाज की शक्ति, प्रेरणा व संस्कृति का आधार

- पनिहार फार्म पर महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नलवा से भाजपा विधायक रणधीर पनिहार की माता स्व. रामप्यारी पनिहार की प्रथम पुण्यतिथि व महिला दिवस के उपलक्ष्य में राजगढ़ स्थित पनिहार फार्म पर 'महिला खेल प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट सुभाष पनिहार ने बताया कि इस दौरान महिला सरपंच, महिला ब्लॉक समिति सदस्य व महिला जिला पार्षद सदस्यों की सामूहिक दौड़, सभी महिला आयु वर्ग की 60 मीटर दौड़, 50+ आयु महिला वर्ग की 60 मीटर की दौड़, 70+ आयु महिला वर्ग की 60 मीटर की दौड़, सभी आयु महिला वर्ग 60 मीटर की मटका दौड़, सभी आयु महिला वर्ग की 60 मीटर की नींबू दौड़, 9 सदस्यीय टीम में एक ही पंचायत की महिलाओं की रस्साकशी खेल प्रतियोगिता तथा 70+ बुजुर्ग पुरुष दौड़ जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उपरोक्त सभी दौड़ों में पहले तीन-तीन विजेताओं के लिए आकर्षक ईनाम एवं भागीदारी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

विधायक रणधीर पनिहार ने महिला दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह महिलाओं को सम्मान देने का ही नहीं, बल्कि उनके संघर्ष, योगदान, त्याग और समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद करने का भी दिन है। महिलाएं हमारे समाज की शक्ति, प्रेरणा और संस्कृति का आधार हैं। सच कहा गया है कि यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो एक व्यक्ति शिक्षित होता है, लेकिन यदि आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो पूरा परिवार शिक्षित होता है। भारत के इतिहास में भी महिलाओं का योगदान अत्यंत गौरवशाली रहा है।



### हर क्षेत्र में लोहा मनवा रहीं महिलाएं : रणबीर गंगवा

हिसार। लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकारों और उनके योगदान को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और समाज के विकास में अहम भूमिका निभा रही हैं। वे रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेयांश इंटरनेशनल स्कूल के परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले और देश की प्रथम शिक्षा का माता सावित्रीबाई फुले को नमन करने उपरांत अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना किसी भी समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, युवा भाजपा नेता भूपेंद्र पनिहार, सरपंच ऋतु वर्मा, रवि सैनी, डॉ. दलबीर सैनी, राजकुमार वर्मा, दयानंद सैनी, पर्वतारोही अनीता कुंडू, प्रहलाद सैनी, डायरेक्टर सतवीर सैनी, अंजू सैनी, मनीषा सिंह सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### शिक्षा, नेतृत्व, प्रशासन व उद्यमिता में अहम योगदान दे रहीं महिलाएं

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस की प्रोफेसर डॉ. सुनीता रानी मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा एवं निदेशक मानव संसाधन प्रबंधन डॉ. सोनिया सिंधु ने की। मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता रानी ने इस अवसर पर समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, नेतृत्व, प्रशासन और उद्यमिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षा और अवसर प्रदान करना एक प्रगतिशील और समावेशी समाज के निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### जीतो हिसार चैप्टर की कार रैली में महिलाओं ने थामा स्टेयरिंग

हिसार। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जीतो हिसार चैप्टर द्वारा पूरे उत्साह के साथ कार रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने कार का स्टेयरिंग थामकर महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया। हिसार के सेक्टर-33 की मुख्य पार्किंग से शुरू होकर यह कार रैली विभिन्न बाजारों से होते हुए दिल्ली रोड स्थित मेट्रोपॉलिस मॉल पार्किंग पर संपन्न हुई। इस दौरान महिलाओं की कुशलता व जोश देखने लायक रहा। जीतो हिसार चैप्टर के महिला विंग की उपाध्यक्ष आंचल आशीष जैन ने बताया कि इस रैली के माध्यम से महिलाओं में नव ऊर्जा का संचार हुआ। यह रैली कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित की गई। आंचल जैन ने बताया कि रैली के समापन पर मिडटाउन ग्रैंड में स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन भी किया गया। इस जागरूकता सत्र में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. लवनीश गोयल, डॉ. हरीश शर्मा, डॉ. मीनाक्षी बंसल व डॉ. निधि महता ने विशेष रूप से शिरकत की। डॉ. मीनाक्षी बंसल व डॉ. निधि महता ने महिलाओं को होने वाले कैंसर के कारणों, बचाव व इलाज की जानकारी दी। डॉ. लवनीश गोयल व डॉ. हरीश शर्मा ने जीतो हिसार चैप्टर के पुरुष सदस्यों को कैंसर संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर हिसार चैप्टर की महिला विंग की अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल, आंचल आदिश्वर जैन, यूथ विंग से जुड़े आयुष जैन, ऋषभ जैन एवं मुख्य विंग से जुड़े आलोक जैन, मुकेश जैन, अमित जैन व राकेश जैन ने आदि थे।

### महिला दिवस पर लगाया मेडिटेशन कैंप



हिसार। ओशो ध्यान उपवन में आयोजित एक दिवसीय मेडिटेशन कैंप में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी धूमधाम से मनाया गया। मेडिटेशन कैंप में स्वामी संजय व मां सांची ने ध्यान का महत्व समझाया और इसे दिनचर्या में अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान ध्यान विधियों की जानकारी प्रदान करके उनका अभ्यास भी करवाया गया। सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में आयोजित मेडिटेशन कैंप के दौरान विभिन्न सत्र आयोजित किए। इस दौरान साधकों को झूमने व नाचने का भी अवसर मिला। विभिन्न सत्रों के दौरान साधक एकदम तरोताजा दिखाई दिए। इस अवसर पर मेडिटेशन कैंप के आयोजक स्वामी संजय ने कहा कि ध्यान मानसिक विचारों से मुक्त होकर मौन की अवस्था पाने का मार्ग है। ध्यान करते हुए इंसान साक्षी भाव को अपनाकर अपने विचारों, भावनाओं और मन को बिना किसी मूल्यांकन के देख सकता है। स्वामी संजय ने कहा कि नियमित ध्यान करने से तनाव में कमी, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन पैदा होता है। इस अवसर पर मां सांची ने कहा कि महिलाओं का मार्ग प्रेम का मार्ग है। मातृत्व का प्रेम जब सर्वत्र फैल जाता है तो महिलाएं और अधिक तन्मयता और सहजता से कार्य कर पाती हैं। स्त्री का मातृत्व प्रेम उस प्रभु की ओर से मिला अनुपम उपहार है।



### साइक्लोथॉन निकालकर दिया स्वास्थ्य व महिला सशक्तिकरण का संदेश

हिसार। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) हिसार शाखा की ओर से शहर में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। आईडीए वूमेन डेंटल कमेटी (डब्ल्यूडीसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान आईडीए के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हिसार शहर में लगभग पांच किलोमीटर की साइकिल रैली निकाली और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

साइक्लोथॉन के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण साइक्लिंग रेस और विभिन्न प्रतियोगिताएं रहीं, जिनमें आईडीए के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर कार्यक्रम को प्रेरणादायक बना दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शाश्रुति विनायक नकाडे रहीं, जो एक उत्कृष्ट पैरा ट्रायथलीट, पैरा साइक्लिस्ट और पैरा स्विमर हैं। वे एशियन साइक्लिंग चैम्पियनशिप 2026 की डबल गोल्ड मेडलिस्ट भी हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अर्जुन अवार्डी और अंतरराष्ट्रीय पैरा स्विमर श्री प्रसांता कर्माकर उपस्थित रहे। वे एशियन पैरा गेम्स के पांच बार पदक विजेता, 16 बार के राष्ट्रीय चैम्पियन तथा 46 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पदकों के साथ एशियन रिकॉर्ड होल्डर हैं। दोनों अतिथियों की प्रेरणादायक उपलब्धियों ने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों को विशेष रूप से उत्साहित किया। कार्यक्रम का आयोजन आईडीए वूमेन डेंटल कमेटी (डब्ल्यूडीसी), हिसार शाखा द्वारा किया गया।

### महिलाओं के संघर्षों पर की चर्चा



हिसार। क्रांतिमान पार्क में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनवादी महिला समिति की संस्थापक बिमला चौधरी ने अध्यक्षता की और अध्यक्ष मंडल में पार्वती, तारा देवी, शांति, सीमा व भारती, सर्व कर्मचारी संघ से अलका सिवाच ने महिलाओं के प्रति सरकार रवैया पर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को बताया की नौकरियों में कटौती की जा रही है, युवा दर दर भटक रहे हैं, नए स्कूल खोलने की बजाय उन्हें बंद किया जा जा रहा है। सभी वक्ताओं ने महिलाओं की एकता पर बल दिया। मुख्य वक्ता के तौर पर सुनीता सिवाच ने महिलाओं के संघर्ष और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए महिलाओं की आवाज बुलंद करने के लिए एकजुट होने के लिए शक्ति प्रदर्शन की बात कही। उन्होंने कहा कि महिला दिवस दुनिया भर की महिलाओं को एक मंच पर आने का सुअवसर है। वर्ष 2026 का थीम अधिकार, न्याय, कारवाई, सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए की मूल भावना को लागू करवाने के लिए संघर्ष की मांग है। महिलाओं ने इस समाज अपनी स्थितियों को बेहतर बनाने के लिए और समान नागरिक अधिकार पाने के कड़े संघर्ष किए गए हैं। इस अवसर पर सीटू नेता आशा वर्कर नेत्री अनिता व विद्या ने अपने विचार रखे। जिला कमेटी सदस्य उषा, विद्या, शांति, संतोष श्योकंद, किसान नेता कमला, बाला, विकलांग अधिकार मंच से ऋषिकेश राजली, सुमन किरतान आदि मौजूद रहे।

## खांडा खेड़ी में हुई महिला खेल स्पर्धा, दौड़ में सीमा रही प्रथम

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की मार्गदर्शन में महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गांव खांडा खेड़ी स्थित राजीव गांधी खेल परिसर में महिला खेल प्रतियोगिताएं हुईं।

माय भारत की जिला युवा अधिकारी कोमल ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के सहयोग से माय भारत, साई तथा जिला खेल विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिंहाग ने शिरकत की। उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 13 वर्ष से कम आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में सीमा ने प्रथम और 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में प्रतिभा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 13 से 18 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में सिमरन ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि 400 मीटर दौड़ में गुनगुन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। इसी तरह 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 100 मीटर तथा 400 मीटर दौड़ में सुमिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 200 मीटर दौड़ में रितिका प्रथम स्थान पर रही। अन्य खेल प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला रस्साकसी प्रतियोगिता में गांव खांडा खेड़ी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मुंडाल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। मटका दौड़ में 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग में पायल ने प्रथम, जबकि 30 से 70 वर्ष आयु वर्ग में सुनीता प्रथम स्थान पर रहीं। वहीं रग्बी प्रतियोगिता में हिसार की टीम ने सोनीपत की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## 18 महिलाओं ने किया रक्तदान

हिसार। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल हिसार के ब्लड सेंटर की ओर से विशेष महिला रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करना तथा समाज सेवा के इस पुनीत कार्य में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। शिविर में कुल 18 महिला रक्तदाताओं ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया और चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई। जांच के बाद 14 महिलाएं रक्तदान के लिए उपयुक्त पाई गईं और उन्होंने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. सुशील गर्ग व चिकित्सक टीम ने सभी महिला रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान और जीवनदायी सेवा है।



### नि:शुल्क शिविर में 52 रोगियों की जांच



हिसार। गुरुद्वारा सिंह सभा के नजदीक मेन रोड त राजन आंखों के अस्पताल में आंखों की नि:शुल्क जांच के लिए कैंप आयोजित किया गया। कैंप में आए रोगियों की जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजन अग्रवाल ने की। कैंप में 52 रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। डॉ. राजन अग्रवाल ने बताया कि उनके अस्पताल में हरियाणा सरकार, बीएसएनएल एवं सभी पैनल के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### इंडियन ओपन थ्रो कम्पीटिशन का पहला दिन

# योगिता, अमन व निश्चय को गोल्ड

हरियाणा की आरती और हर्षित ने रजत व नितेश, शुभम ने जीते कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पांचवीं इंडियन ओपन थ्रो कम्पीटिशन के पहले दिन हरियाणा के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण पदकोण पर अपना कब्जा जमाया है। दो दिवसीय यह कम्पीटिशन नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला में आयोजित की जा रही है, जिसमें हरियाणा राज्य से 13 महिला और 33 पुरुष सहित कुल 46 एथलीट भाग ले रहे हैं।

एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, निदेशक नरेंद्र मोर एवं राजकुमार मिटान, सदस्य ग्रीवेंस कमेटी एथलेटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक विजेता बनने पर बधाई दी।



स्वर्ण पदक के साथ भिवानी की योगिता।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक और मीडिया प्रभारी (खेल) सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि महिला वर्ग शाट पुट थ्रो इवेंट में योगिता (भिवानी हरियाणा) ने शाट पुट थ्रो इवेंट कम्पीटिशन के पहले दिन बेहतरीन खेल प्रदर्शन करते हुए 16 मीटर और 44 सैंटीमीटर की थ्रो कर हरियाणा राज्य को स्वर्ण पदक दिया। शिक्षा (रिलायंस) ने 16 मीटर 30 सैंटीमीटर की थ्रो के साथ रजत पदक एवं रेखा राष्ट्रीय खेल संस्थान (पटियाला) ने 15 मीटर 57 सैंटीमीटर के साथ कांस्य पदक जीता। 18 साल आयु वर्ग लड़की शाट पुट इवेंट में एम. रेड्डी संजना (कर्नाटक) ने 15 मीटर 30 सैंटीमीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता और आरती (हरियाणा) ने 13 मीटर और 22 सैंटीमीटर की थ्रो के साथ रजत पदक जीतकर एथलेटिक्स हरियाणा का मान बढ़ाया। उन्होंने बताया कि 20 साल आयु वर्ग (लड़का) हैमर थ्रो इवेंट में अमन (हरियाणा) ने 64 मीटर 49 सैंटीमीटर की दूरी पर हैमर थ्रो कर स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा का नाम रोशन किया और अब्दुल रहमान (मध्य प्रदेश) ने 63 मीटर 65 सैंटीमीटर की दूरी के साथ रजत पदक जीता एवं शुभम (हरियाणा) ने 63 मीटर की थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता।

20 साल आयु वर्ग (लड़का) शाट पुट इवेंट में हर्षित गहलोत (हरियाणा) ने 17 मीटर 02 सैंटीमीटर की थ्रो के साथ रजत पदक जीता और स्वर्ण पदक ओमकार प्रसाद नंद (उड़ीसा) ने 17 मीटर 85 सैंटीमीटर की थ्रो के साथ जीता एवं यश चिकारा (दिल्ली) ने 17 मीटर 01 सैंटीमीटर की थ्रो के साथ कांस्य पदक पर कब्जा किया। 18 साल आयु वर्ग (लड़का) शाट पुट इवेंट में निश्चय (हरियाणा) ने 19 मीटर 78 सैंटीमीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा राज्य का गौरव बढ़ाया और युवराज सिंह (राजस्थान) ने 17 मीटर 83 सैंटीमीटर की थ्रो के साथ रजत पदक जीता एवं नितेश कुमार (हरियाणा) ने 17 मीटर 83 सैंटीमीटर की थ्रो कर कांस्य पदक जीता।

UNIQUE COMBINATION OF
EXPERIENCE AND TECHNOLOGY
हिसार शहर मे पहला घुटना प्रत्यारोपण (2004 में)
करने वाले व 25 साल से आपकी सेवा में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ
Dr. Amit Bhutani
M.B.B.S., M.S. (Ortho)
Ex. HOD Orthopaedics Deptt., Jindal Hospital, Hisar
Visiting Fellow USA & UK, Joint Replacement Specialist
के हस्पताल में
Dr. Bhutani's
AAROGYA HOSPITAL
घुटने बदलने की रोबोटिक तकनीक
STEP INTO A WORLD OF PRECISION & PERFECTION WITH OUR
ROBOTIC KNEE
REPLACEMENT SURGERY
BETTER ALIGNMENT OF JOINT
GREATER PRECISION
100% Accuracy
AI Intelligence
हरियाणा सरकार, इंश्योरेंस कम्पनी व विभिन्न TPA के पैनल पर NABH द्वारा प्रमाणित
Urban Estate-II, Opp. Vishwas School, Near LIC Office, Hisar
For Appointment: Ph. 92552-28610, 82220-49008
Website : www.aarogyahospitalhisar.com
Visit our Website